आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक : 259 पृष्ठ -4 दिनांक रविवार 15 सितम्बर 2024

## CM पद से इस्तीफा देंगे अरविंद केजरीवाल

### कार्यकर्ताओं के सामने बोले- दो दिन बाद कुर्सी छोड़ दूंगा

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल (।तअपदक झमरतपूंस) आज रविवार को रवि शंकर शुक्ला लेन स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान दिल्ली सीएम ने कार्यकर्ताओं के सामने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे को लेकर बड़ा एलान दिया। साथ ही श्लेटर बमश फोड़ते हुए पीएम मोदी और एलजी पर तीखा हमला बोला। 2 दिन बाद कुर्सी छोड़ दूंगा- केजरीवालअरविंद केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बड़ा एलान कर दिया। उन्होंने कहा, ‘ दो दिन बाद कुर्सी छोड़ दूंगा। दो दिन बाद पार्टी विधायक दल की बैठक होगी। इस बैठक में अगले मुख्यमंत्री को लेकर फैसला लिया जाएगा।उन्होंने कहा, ‘मैं ऊपर वाले का शुक्रिया अदा करता हूं, उनका हम सब पर बहुत आशीर्वाद रहता है। उसकी बदौलत हम अपने इतने बड़े दुश्मनों से लड़ पा रहा हूं। जेल में बहुत समय मिला सोचने का, किताबें पढ़ने का, भगत सिंह की डायरी कई बार पढ़ी है। आप लोग भी जरूर पढ़ना।




**सीएम केजरीवाल के संबोधन की बड़ी बातें**

**दो दिन बाद पार्टी विधायक दल की बैठक होगी। उसमें अगले मुख्यमंत्री के बारे में फैसला लिया जाएगा। हम लोग जनता कीअदालत में जाएंगे, जनता हमें जब फिर से मुख्यमंत्री बनाएगी। तभी मैं इस कुर्सी पर बैठूंगा।फरवरी में चुनाव होने हैं, मैं कहता हूं कि महाराष्ट्र के साथ ही चुनाव करा लिए जाने चाहिए।**

मैं जनता के काम करने आया हूं। अगर आप को लगता है कि केजरीवाल ईमानदार है तो फिर मुझे जिता देना। इन्होंने आरोप लगाया है कि केजरीवाल चोर है मगर मैं बता देना चाहता हूं मैं यहां पैसा कमाने नही आया हूं उन्होंने. कहा कि जब तक जनता नहीं कहेगी, मैं कुर्सी पर नही बैठूंगा।मैं जानता के बीच जाऊंगा। मनीष सिसोदिया भी मंत्री नही बनेंगे और न ही उपमुख्यमंत्री बनेंगे।मैंने वकीलों से पूछा और सोचा कि जब तक केस चलेगा तक तक सीएम की कुर्सी पर नहीं रहूंगा। दो दिन बाद सीएम पद से इस्तीफा दे दूंगा। ये हमें बेईमान साबित करना चाहते हैं, अगर देश की जनता को लगता है कि मैं बेईमान हूं तो एक मिनट में सीएम की कुर्सी छोड़ दूंगा।. मैंने इनकम टैक्स की नौकरी छोड़ी है। 49 दिन बाद सीएम की कुर्सी छोड़ दी थी, किसी ने कुछ कहा नहीं था, अपनी मर्जी से कुर्सी छोड़ दी थी।भगत सिंह की शहादत के 95 साल के बाद एक ही पत्र एलजी साहेब को एक पत्र लिखा था, 15 अगस्त पर झंडा फहराने का था, मगर मेरी चिट्ठी एलजी साहेब तक नही पहुंची, वह मुझे वापस कर दी गई और मुझे चेतावनी दी गई कि अगर फिर से चिट्ठी लिखी तो आप की फैमिली मुलाकात बंद कर दी जाएगी। यह चेता. वनी मैं जिंदगी भर याद रखूंगा।

आम आदमी पार्टी कार्यालय के बाहर कार्यकर्ता 'जेल के ताले टूट गए, केजरीवाल छूट गए' के नारे लगा रहे। 'सत्यमेव जयते, केजरीवाल जी आ गए' के पोस्टर लहरा रहे कार्यकर्ता।कुछ राष्ट्र विरोधी ताकतें देश को अंदर से कमजोर करने और भाई को भाई से लड़ाने की कोशिश कर रही हैं।इन्हे इसलिए हम से दिक्कत है, क्योंकि हम ईमानदार हैं, ये हमारी ईमानदारी से डरते हैं। हम इसलिए बहुत से काम कर पाए हैं, क्योंकि हम ईमानदार हैं।

**कार्याकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह**

इससे पहले आप के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के बाहर आने से पार्टी कार्याकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है और पहले से सौ गुना ज्यादा ताकत से देशहित में काम करने के लिए तैयार हैं।सुप्रीम कोर्ट से मिली थी जमानत उन्हें आबकारी नीति मामले में शुक्रवार (13 सितंबर) को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली थी। इससे पहले शनिवार को सीएम केजरीवाल ने पत्नी सुनीता के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन किए थे।इसके साथ ही हरियाणा में आम आदमी पार्टी (आप) के राजनीतिक अभियान की कमान संभालने की दिशा में पहला कदम उठाया। वह पांच महीने से ज्यादा समय तक जेल में रहने के बाद अब राजधानी के प्रशासन की बागडोर फिर से संभालने की तैयारी कर रहे हैं।

## पाकिस्तान के 81जायरीन पहुंचे रुड़की, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट






रुड़की रेलवे स्टेशन पर एक विशेष सुरक्षा व्यवस्था के तहत पाकिस्तानी जायरीनों का जत्था पहुंचा. ये जायरीन विश्व प्रसिद्ध दरगाह साबिर पाक के 756 वें उर्स में ये जायरीन विश्व प्रसिद्ध दरगाह साबिर पाक के 756 वें उर्स में शामिल होने के लिए भारत आए हैं. साबिर पाक की दरगाह हर साल लाखों जायरीन को अपनी ओर आकर्षित करती है, जिसमें पाकिस्तान से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं. आज सुबह अमृतसर-देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन से पाकिस्तान के 81 जायरीन रुड़की पहुंचे. भारतीय रेलवे और स्थानीय पुलिस ने उनके आगमन को लेकर विशेष इंतजाम किए थे.रेलवे स्टेशन को सुरक्षा कारणों से छावनी में तब्दील किया गया था. जहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था. सुरक्षा व्यवस्था इतनी कड़ी थी कि स्टेशन पर किसी भी अनधिकृत व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं थी,स्टेशन पर पहुंचते ही पाकिस्तानी जायरीनों को गिनती करके उतारा गया. इसके बाद उन्हें पहले से खड़ी रोडवेज बसों में बिठाकर कलियर के लिए रवाना किया गया. कलियर पहुंचने पर जायरीनों का स्वागत किया गया. यह जत्था 19 सितंबर तक कलियर में रहकर उर्स के दौरान विभिन्न रस्मों और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेगा.हर साल बड़े धूमधाम से मनाया जाता है उर्सपिछले वर्षों की तुलना में इस बार पाकिस्तानी जायरीनों की संख्या कम रही है, लेकिन उर्स के धार्मिक आयोजन में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है. दरगाह साबिर पाक का उर्स एक धार्मिक अवसर है जो देश-विदेश के लाखों भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है. यह उर्स हर साल बड़े धूमधाम से मनाया जाता है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को एक विशेष आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त होता है,पाकिस्तानी जायरीनों की वतन वापसी 19 सितंबर को होगी, इसके बाद वे अपने देश लौटकर धार्मिक अनुभवों और कलियर की यादों को अपने साथ ले जाएंगे.इस विशेष अवसर पर भारतीय और पाकिस्तानी श्रद्धालुओं के बीच आपसी धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों को भी बढ़ावा मिलता है. रुड़की रेलवे स्टेशन पर आज की घटना ने यह भी दर्शाया कि भारत और पाकिस्तान के बीच धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग और समझदारी कितनी महत्वपूर्ण है. सुरक्षा के विशेष इंतजामों के बावजूद, यह धार्मिक यात्रा दोनों देशों के बीच मित्रता और सम्मान को भी प्रकट करती है.

## अखिलेश यादव के पुतले को लेकर पुलिस के पीछे भागे BJP नेता, खूब हुई नोंकझोंक

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के मठाधीश और माफिया वाले बयान को लेकर बीजेपी बेहद आक्रामक नजर आ रही है. मेरठ में अखिलेश यादव का पुतला फूंकने को लेकर बीजेपी और पुलिस आमने-सामने आ गई. पुलिस ने अखिलेश यादव का पुतला नहीं फूंकने दिया और इसको लेकर भाजपाई पुलिस से उलझ बैठे. खूब हंगामा हुआ और जमकर नारेबाजी भी. पुलिस पुतला छीनकर ले गई, लेकिन काफी देर तक गहमा गहमी रही.सपा प्रमुख अखिलेश यादव के मठाधीश और माफिया वाले बयान को लेकर मेरठ में आज युवा मोर्चा का बड़ा कार्यक्रम था. बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अखिलेश यादव का पुतला फूंकने पहुंच थे. अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे भी लगाए जा रहे थे. अखिलेश यादव माफी मांगे के भी नारे लग रहे थे, लेकिन जैसे ही पुतले में आग लगाने जा रहे थे, वैसे ही पुलिस ने पुतला छीन लिया. भाजपा नेता भी भला कहां पीछे रहने वाले थे, उन्होंने पुतला नहीं दिया, लेकिन पुलिस ने पूरी जोर अजमाइश के बाद बीजेपी युवा मोर्चा के नेताओं और कार्यकर्ताओं से पुतला छीन लिया.

पुतला छीनकर भागी पुलिस, भा. जपाईयों ने लगा दी दौड़अखिलेश यादव का पुतला पुलिस ने नहीं फूंकने दिया. पुलिस पुतला लेकर जैसे ही भागी तो भाजपाई बेहद गुस्से में आ गए और पुलिसकर्मियों के पीछे ही दौड़ लगा दी. पुलिस आगे-आगे और भाजपाई पीछे-पीछे दौड़ रहे थे. आखिरकार पुलिस अखिलेश यादव का पुतला लेकर चली गई. बीजेपी के नेताओं ने जमकर हंगामा किया



मेरठ में अखिलेश यादव का पुतला फूंकने को लेकर बीजेपी कार्यकर्ता और पुलिस आमने-सामने हो गए.

और नारेबाजी शुरू कर दी. पुलिस के इस रवैये से भाजपा के नेता भी बेहत गुस्से में और आक्रामक नजर आए. पुलिसकर्मियों से पुतला मांगा भी गया, लेकिन पुलिस वालों ने अखिलेश यादव का पुतला नहीं दिया.अखिलेश यादव के बयान से गुस्साए बीजेपी नेता अखिलेश यादव का पुतला न फूंके जाने से बेहतर मायूस नजर आ रहे थे.

हालांकि बाद में अखिलेश यादव को फोटों को आग के हवाले करके भाजपाईयों ने अपने गुस्से का इजहार किया. इसके बाद भा. जपाई बड़ी संख्या में अखिलेश यादव के खिलाफ नारेबाजी करते हुए डीएम कार्यालय पर पहुंचे और डीएम ऑफिस के बाहर भी नारेबाजी की.

बीजेपी नेताओं ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा और कहा कि अखिलेश यादव हिंदुओं का अपमान कर रहें हैं जो बर्दाश्त से बाहर है रहने के परिणामस्वरूप ही बी. एस.पी. को मुलायम सिंह यादव सरकार से समर्थन वापस लेकर सरकार की कमान अपने हाथ में लेनी पड़ी थीबीजेपी कार्यकर्ता बोलें- अखिलेश यादव माफी मांगेभाजपा महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज का कहना है कि भारत देश सनातनियों का देश है. साधु संत और मठ हमारे पूजनीय हैं और अखिलेश यादव दोनों को ही निशाने पर ले रहें हैं और हमारे साधू संतों का अपमान कर रहें हैं, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे. अखिलेश यादव को अपने बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए. वहीं बीजेपी युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अंकुर कुशवाह का कहना है कि अखिलेश यादव के बयान की हम निंदा करते हैं और देश का अपमान करना बंद करें. हिंदुओं को आस्था को ठेस पहुंचाने का काम अखिलेश और उनकी पार्टी ने हमेशा ही किया है, इसलिए जब तक अखिलेश यादव माफी नहीं मांगेंगे भा. जपाई सड़कों पर ही रहेंगे.

## भारत और बांग्लादेश मैच से पहले UPCA को जमा करना होगा 15 लाख रूपये किराया

### खेल विभाग ने इस संबंध में यूपीसीए को पत्र भेजा

27 सितंबर को भारत बांग्लादेश के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में टेस्ट मैच खेला जाना है. लेकिन मैच के बचे चंद दिनों से पहले यूपीसीए को ग्रीन पार्क में मैच होने के लिए 15 लाख रुपए किराया जमा करना होगा. खेल विभाग के अनुसार यूपीसीए को ये 15 लाख रुपए बतौर स्टेडियम की फीस जमा करनी होगी जो शासन को जानी है. कानपुर में होने वाले मैच से पहले खेल विभाग ने एक पत्र जारी कर मैच के आयोजन पर संदेह खड़ा कर दिया है. पत्र के अनुसार ये पत्र खेल विभाग की ओर से भेजा गया है. जिसमे यूपीसीए को ग्रीन पार्क स्टेडियम में टेस्ट मैच कराए जाने के लिए खेल विभाग को 15 लाख रुपए स्टेडियम का किराया जमा करना होगा. जिसके बाद ही कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में मैच आयोजित किया जाएगा. इस पत्र ने यूपीसीए के अधिकारियों को ऐन वक्त पर थोड़ा परेशान कर दिया है.सभी तैयारियां तेजी से की जा रहीएक तरफ मैच की तमाम तैयारियां तो दूसरी ओर खेल विभाग का पत्र इससे कुछ दिन पहले यूपीसीए ने खेल विभाग को कोरोना काल के समय का बकाया पैसा खेल विभाग को दिया था. जिसमे लगभग 25 लाख रुपए शामिल थे और एक करोड़ रुपया यूपी टी 20 क्रिकेट लीग का बाकी था उसे भी जमा किया गया है. अब आखिरी में स्टेडियम को बुक करने के लिए 15 लाख रुपए शासन को जमा करने का पत्र यूपीसीए की थोड़ी दिक्कत बढ़ा रही है. वहीं उपनिदेशक खेल ग्रीनपर्क आरएन सिंह ने बताया की सभी तैयारियां तेजी से की जा रही है.पिच क्यूरेटर शिवकुमार ने बताया की पिच को बहुत ध्यान देकर तैयार किया जाता है और उसके साथ ही खिलाड़ियों के मैच से पहले किए जाने वाले अभ्यास को लेकर 5 विकेट तैयार किए जा रहे हों जोकि



डायरेक्टर पवेलियन और यूपीसीए पवेलियन की ओर बनाए जा रहे हैं इस के साथ ही स्टेडियम की पिच के साथ साथ दर्शक दीर्घा में भी काम तेजी से हो रहा है ,दो विकेट खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए डायरेक्टर पवेलियन की ओर बनाए गए हैं तो वहीं 3 विकेट यूपीसीए पवेलियन की ओर तैयार किए जा रहे हैं. अब यूपीसीए को खेल विभाग को जल्द 15 लाख रुपए बतौर किराया जल्द जमा करना होगा.

## ताजमहल में पेशाब करते दिखे दो पर्यटक, गोबर और गंगाजल लेकर पहुंचे हिंद संगठन

आगरा का इन दिनों ताजमहल लगातार चर्चाओं में बना हुआ है. कभी ताजमहल को लेकर तमाम दावे किए जाते है तो कभी वीडियो वायरल होने के बाद हंगामे के हालात बन जाते है. ताजमहल दुनिया भर के पर्यटकों की पहली पसंद है जिसका दीदार करने के लिए रोजाना बड़ी संख्या देशी विदेशी पर्यटक आते है और बेहद ही खूबसूरत इमारत ताज का दीदार करते है. कुछ घटनाएं ऐसी ही जाती है, जिसके बाद चर्चाएं हो जाती है. कभी ताजमहल में पूजा और नमाज को लेकर दावे किए जाते है और कभी कुछ पर्यटक ही एसी हरकत कर देते है जो शर्मिंदा करती है. संगेमरमरी इमारत का दीदार करने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते है. उन्ही पर्यटकों में से कुछ पर्यटक शर्मनाक हरकत कर माहौल खराब कर देते है. ताजमहल परिसर का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें दो पर्यटक टॉयलेट कर रहे है. ताजमहल परिसर में पर्यटकों के लिए टॉयलेट बने हुए है. बावजूद इसके पर्यटक ताज परिसर में टॉयलेट कर रहे थे. जिसका वीडियो वायरल हुआ था. वीडियो वायरल होने के बाद हिंदुवादियों का आक्रोश देखा जा रहा है.गंगाजल लेकर ताज. महल पहुंचा हिंदूवादी संगठनहिंदूवादी संगठन अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारी आज ताजमहल पर गाय का गोबर और गंगाजल लेकर पहुंच गए और ताजमहल को शुद्ध करने की मांग करने लगे. ताजमहल के बेरियर पर ही हिंदूवादियों को पुलिस ने रोक दिया पर हिंदूवादी गाय का गोबर और गंगाजल ताजमहल में अंदर ले जाना चाहते है. टॉयलेट का वीडियो वायरल होने के बाद से हिंदूवादी अपना आक्रोश व्यक्त कर रहे है. अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों कहना है कि ताजमहल में सीआईएफएस और एएसआई की निगरानी रहती है फिर ऐसी घटना क्यों हुई. ताजमहल पर गाय का गोबर और गंगाजल लेकर पहुंचे हिंदुवादी संगठन का कहना है कि ऐसी हरकत करने वाले असामाजिक लोग है, हम आज गाय के गोबर और गंगाजल से ताजमहल को शुद्ध करेंगे.

# मंगेश यादव एनकाउंटर परिवार ने पुलिस वालों के खिलाफ कराया FIR दर्ज, DM को लिखी चिट्ठी

## अदालत जा सकता है मंगेश यादव का परिवार




सुल्तानपुर के चर्चित मंगेश यादव एनकाउंटर केस को लेकर विवादों का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है. मंगेश यादव के परिवार ने एनकाउंटर में शामिल पुलिस वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट दिए जाने की मांग को लेकर अब यूपी के डीजीपी को चिट्ठी भेजी है. परिवार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले अपने वकील गजेंद्र सिंह यादव के मार्फत चिट्ठी भेजी है. अधिवक्ता डॉ० गजेंद्र सिंह यादव ने आज यह चिट्ठी डीजीपी प्रशांत कुमार को ईमेल के जरिए भेजी है.मंगेश यादव के परिवार की तरफ से भेजी गई इस चिट्ठी में एनकाउंटर को एक बार फिर से फर्जी बताया गया है.कहा गया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिलने और एफआईआर दर्ज नहीं होने से लीगल एक्शन में देरी हो रही है. देरी होने से सबूतो से छेड़छाड़ की जा सकती है. चिट्ठी में यह भी कहा गया है कि इस बारे में पहले ही स्थानीय पुलिस थाने और जौनपुर के एसपी को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है.अदालत जा सकता है मंगेश यादव का परिवारमंगेश यादव का परिवार जल्द ही एनकाउंटर मामले में एफ आई आर दर्ज किए जाने की मांग को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है. इसी वजह से लगातार शिकायतें की जा रही है, ताकि इन शिकायतों को कोर्ट में आधार बनाया जा सके. अदालत में एनकाउंटर केस की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराए जाने की मांग की जा सकती है. इसके अलावा हाईकोर्ट से जांच की मॉनिटरिंग किए जाने की भी गुहार लगाई जा सकती है. मंगेश यादव का परिवार इससे पहले अधिवक्ता गजेंद्र सिंह यादव के जरिए मानवाधिकार आयोग से भी शिकायत कर चुका हैराज्य मानवाधिकार आयोग ने इस मामले में सुल्तानपुर के डीएम से जवाब तलब कर लिया है. मंगेश यादव पर आरोप था कि उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर सुल्तानपुर जिले में घंटाघर के पास स्थित भरत ज्वैलर्स के यहां असलहे की नोक पर 28 अगस्त को डकैती डालीथी. डकैती की वारदात को फिल्मी अंदाज में अंजाम दिया गया था. वारदात के करीब हफ्ते भर बाद मंगेश यादव पुलिस एनकाउंटर में मारा गया था. विपक्षी नेताओं ने उठाये थे सवाल इस एनकाउंटर को लेकर समाजवादी पार्टी के मुखिया और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सवाल उठाए हैं. उन्होंने एनकाउंटर को फर्जी बताया है और कहा है कि मंगेश यादव को सिर्फ यादव जाति का होनेकी वजह से गोली मारी गई. इस मामले में योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर समेत कई अन्य लोगों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आई थीं. अखिलेश यादव तीन दिन पहले मंगेश यादव के परिवार से मुलाकात भी कर चुके हैं.

### प्रयागराज में तेजी से बढ़ रहा गंगा और यमुना का जलस्तर, खतरे के निशान के करीब पहुंचा पानी

देश के कई हिस्सों में हो रही बारिश के चलते संगम नगरी प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर लगातार तेजी से बढ़ रहा है. यहां दोनों नदियां एक बार फिर से उफान पर हैं. नदियों का जलस्तर बढ़ने से संगम जाने वाले रास्ते बाढ़ के पानी में डूब गए हैं. तटीय इलाकों की कई रिहाइशी बस्तियों में भी बाढ़ का पानी घुसने लगा है. नदियों में नावों के संचालक पर रोक लगा दी गई है, निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को हालात पर नजर रखने और खतरा बढ़ने पर सुरक्षित जगहों पर जाने की एडवाइजरी जारी की गई है.प्रयागराज में बीते चौबीस घंटे में गंगा नदी का जलस्तर 331 सेंटीमीटर बढ़ा है, जबकि यमुना नदी के जलस्तर में 94 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है. गंगा नदी का जलस्तर 83.86 मीटर पर पहुंच गया है, जबकि यमुना नदी का जलस्तर बढ़कर 83.61 मीटर पर पहुंचा है. दोनों नदियां अभी डेंजर लेवल से लगभग एक मीटर नीचे बह रही हैं. अगर इसी तरह जलस्तर बढ़ता रहा तो दोनों नदियां सोमवार को खतरे के निशान को भी पार कर सकती हैं. चार सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रही हैगंगा और यमुना का पानी संगम किनारे स्थित लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर समेत नदियों के किनारे के कई मठ मंदिरों और आश्रमों में प्रवेश कर गया है.कई सालों बाद यह मौका आया है, जब प्रयागराज में गंगा का पानी दूसरी बार हनुमान मंदिर में दाखिल हुआ है. प्रयागराज के दारागंज, सलोरी, बघाड़ा, राजापुर, बेली समेत कई दूसरे रिहाइशी इलाकों की बस्तियों और गलियों में बाढ़ का पानी घुस गया है. निचली मंजिल पर रहने वाले लोग अब सामानों को समेटने लगे हैं.गंगा और यमुना नदियों में आई बाढ़ को लेकर प्रशासन ने एकबार फिर से अलर्टजारी किया है.नावों के संचालक पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है.सिंचाई विभाग के कंट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है. संगम तट पर एसडीआरएफ, जल पुलिस और पीएसी के गोताखोरो को तैनात किया गया है.संगम नगरी प्रयागराज में चार महीने बाद महाकुंभका आयोजन होना है. नदियों का जलस्तर बढ़ने से महाकुंभ की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं. महाकुंभ के काम रोकने पड़े हैं. सरकारी अब बाढ़ खत्म होने का इंतजार कर रहा है. वैसे राहत की बात सिर्फ इतनी है कि आज शाम से नदियों के बढ़ने की रफ्तार कम होने की उम्मीद जताई जा रही है.

## दिल्ली चिड़ियाघर का बढ़ा कुनबा, नए गैंडा, बाघ और हॉर्निबल की एंट्री, 21 दिन बाद इन्हें देख सकेंगे लोग



देश की राजधानी दिल्ली के चिड़ियाघर में असम से नए मेहमानों का आगमन हुआ है. दिल्ली राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में जिन जानवरों और और पक्षियों की एंट्री हुई उनमें एक गैंडा, एक बाघ और एक जोड़ी श्हॉर्नबिलश पक्षी शामिल हैं. इन जानवारों को लोग 21 दिन बाद देख पाएंगे. ऐसा इसलिए कि इन्हें कुछ दिनों के लिए एकांतवास में रखा गया है. दिल्ली चिड़ियाघर के अधिकारियों ने बताया है कि इन वन्य जीवों को 21 दिनों तक प्राणी उद्यान के पृथक–वास में रखे जाने के बाद, लोग इन्हें देख सकेंगे. बाघ का सुल्तान तो गैंडे का नामधर्मेंद्र असम राज्य प्राणीउद्यान–सह–वनस्पति उद्यान से इन जीवों को लाये जाने की पुष्टि करते हुए, दिल्ली जू के निदेशक संजीत कुमार ने पीटीआई–भाषा को बताया, ''एक बाघ, एक गैंडा और एक जोड़ी हॉर्नबिल पक्षी को आज सुबह यहां लाया गया.चिकित्सा जांच के बाद इन सभी को पृथक–वास में रखा गया है. ''उन्होंने बताया कि 'सुल्तान' नामक बाघ और 'धर्मेंद्र' नामक गैंडे को लाने का

**अफसरों ने बताया कि चिकित्सा जांच के लिए अभी नए मेहमानों को अलग रखा**

काम नौ सदस्यीय दल को सौंपा गया था, जो 11 सितंबर को असम से रवाना हुआ और शनिवार को यहां पहुंचा.दिल्ली में हैं 84 प्रजातियों के जनवर और पक्षियां बता दें राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 176 एकड़ में फैले नेशनल प्राणी वन्य उद्यान में 84 प्रजाति के जानवर व पक्षियां हैं. पशु पक्षियों के संरक्षण करने वाले इस उद्यान का नाम दिल्ली जू है. दिल्ली चिड़ियाघर में दुर्लभ प्रजातियों की पक्षियों को भी संरक्षित किया गया है. दिल्ली चिड़ियाघर में 29 पशु–पक्षी ऐसे हैं, जो अकेले हैं या सेम सेक्स के हैं. ऐसे में उनकी संख्या नहीं बढ़ रही है. ऐसे जानवरों व पक्षियों का जोड़ा बनाने की दिशा में काम तेजी से चल रहा है. इसके तहत दिल्ली जू और असम के गुवाहाटी स्थित जू से एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जानवरों व पक्षियों की अदला बदली की जा रही है ।

## ससुर ने कुल्हाड़ी से काटकर बहू को उतारा मौत के घाट फिर खुद लगा ली फांसी, जांच में जुटी पुलिस



### महोबा में ससुर और पति मिलकर इंसानियत को शर्मसार कर दिया

महोबा में रिश्तें के कत्ल का एक मामला सामने आया है. ससुर ने अपनी ही बहू को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार डाला तो वहीं खुद भी आत्मघाती कदम उठाते हुए फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. इस वारदात के बाद से जहां परिवार में कोहराम मचा है तो वहीं इलाके के लोग हैरत में हैं. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पं. चनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है.बहू की हत्या के बाद ससुर ने की खुदखुशी परिजन बताते हैं कि मृतिका चूल्हे पर खाना बना रही थी तभी उस पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर सीने में भाला मारा गया. उसके शरीर में जगह जगह घाव के निशान मिले हैं, जिससे उसकी मौत हो गई. इस वारदात के बाद मासूम बच्चों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है. तो वहीं ससुर ने भी बहू की हत्या के बादआत्मघाती कदम उठाकर मध्यप्रदेश सीमा से लगे खेत में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी.ताकझांक करने पर बहू ने किया विरोध तो हो गया बवाल परिवार में बहू और ससुर की मौत की खबर जैसे ही गांव में फैली लोग हैरत में पड़ गए और देखते ही देखते लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई.

मृतिका के भाई चेतराम और खुशहाली बताते हैं कि हत्या की वारदात करने वाला ससुर अक्सर बहू को प्रताड़ित कर रहा था. साथ ही पड़ोसी घर के ताकझांक करता था, जिस पर उसने मर्यादित रहने और हरकतों से बाज आने की सलाह दी तो इस पर ससुर भड़क उठा और उसने रिश्ते के कत्ल की वारदात को अंजाम दे डाला और खुद भी आत्महत्या कर ली. जांच में जुटी पुलिसअपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह बताती हैं कि महिला की हत्या किए जाने की सूचना मिली थी और आरोप उसके ससुर और पति पर लगा है. वहीं मुख्य आरोपी ससुर ने मध्य प्रदेश के हरपालपुर क्षेत्र में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. परिजनों की ताहिर के आधार पर थाना महोबकंठ में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है.

## पप्पू कॉलोनी में बीमार व्यक्ति ने पंखे से लटककर दी जान

साहिबाबाद। शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र की पप्पू कॉलोनी में शनिवार को घर में 50 साल के व्यक्ति का शव पंखे से लटका मिला। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कमरे में जांच की। मौके से कोई नोट नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि वह बीमार रहते थे और नशे की भी लत थी।मदनपाल (50) पुत्र जगदीश गली नंबर–7 पप्पू कॉलोनी में परिवार के साथ रहते थे। परिवार के सदस्य बाहर गए थे। दोपहर में पत्नी और बेटे घर पहुंचे तो काफी देर तक उन्होंने दरवाजा नहीं खोला। शक होने पर खिड़की से देखा तो वह पंखे से उनका शव लटका था। बेटे ने पुलिस को सूचना दी। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। परिजनों से पूछताछ में कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई है।

## हापुड़ का सत्यम रामपुर में बना समीर खान, 19 साल पहले घर से हुआ था लापता, FIR दर्ज



यूपी में धर्मांतरण की एक और खबर सामने आई है. जहां वर्ष 2005 में हुए सत्यम का धर्मांतरण कर समीर खान बनाया गया. रामपुर शाहाबाद के वाजिद पर सत्यम को समीर बनाने का आरोप है. 2005 में सत्यम हापुड़ के पिलखुवा थाना क्षेत्र से लापता हुआ था. गुमशुदा बच्चे की मां ने तब पिलखुवा थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी. 2017 में जब सत्यम घर पहुंचा तो वह समीर खान बन चुका था. बेटे को वापस पाने के लिए पीड़ित मां मंजू 19 साल से लड़ाई लड़ रही है.हापुड़ जिले के पिलखुवा थाना क्षेत्र मंजू बताया उसका बेटा सत्यम राय 2005 में गुम हो गया था. जिसके बाद मैंने उसे ढूंढने की बहुत कोशिश की और गुमशुदगी भी हापुड़ के पिलखुवा थाने में दर्ज कराई लेकिन शिवम नही मिल पाया. 2017 में अचानक सत्यम् अपने घर पहुँचा अपने बेटे को देखकर माँ और परिवार वालों में खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा. लेकिन जब बेटे ने बताया कि वो अब समीर खाना बन चुका है, तो कुछ ही मिनटों में खुशी दूर हो गई. वही जब इस मामले का पता हिन्दू संगठनों के लोगों को लगा तो मामला क्षेत्र में गरमा गया. कई हिंदू संगठन महिला के समर्थन में आकर खड़े हो गए.

क्या बोली पीड़ित मां पीड़ित माँ ने बताया कि हमने काफी समझाने–बुझाने की कोशिश की लेकिन वहां से लगातार फोन आ रहे थे. 3 महीने बाद मेरा बेटा फिर दिल्ली चला गया. उसको ढूंढते हुए जब मैं वहां पहुंची तो मुझे पता चला राशिद नाम के आदमी ने मेरे बेटे का धर्म परिवर्तन करा दिया है. सत्यम से उसे समीर खान बना दिया. वे मुझे उससे मिलने नहीं देते. फोन पर बात नहीं करने देते कुछ दिन पहले मुझे पता चला कि मेरा बेटा अब रामपुर के शाहबाद में है तो मैं उसे ढूंढती हुई यहां आई हूं. सरकार से गुहार लगाती हूँ कि मुझे मेरा बेटा दिला दें. पीड़ित मां मंजू ने रामपुर के थाना शाहबाद में धर्मांतरण की एफआईआर दर्ज कराई थी.क्या बोले एसपी विद्यासागर मिश्रवही एसपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि इनके द्वारा एक तहरीर दी गई थी 2005 में बच्चा गुमशुदा हो गया था, 2017 में उसकी बरामदगी हुई थी इस सम्बंध में थाना पिलखुवा पर अभियोग भी पंजीकृत था और बरामदगी भी हो गई थी. उसके बाद से ये बच्चा फिर शाहबाद के एक व्यक्ति के सम्पर्क में था फिर इनकी माता जी का आरोप है कि इस व्यक्ति में जो शाहाबाद निवासी है इसके प्रभाव में आकर उसने लालच और इत्यादि दे कर उसका धर्मपरिवर्तन करा दिया गया है माता के द्वारा दिए गए आवेदन पत्र के क्रम पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है.

HOME OF UNANI MEDICINE
Home Delivery also available no any charges
Agency : RAAZI HERBAL PHARMACY NEW SHAMA LABORTIES
STOCKIST : TIBBIYA HAMDARD REX SHAMA &AYURVEDIC
JAVED @ BROS
9997833988
7017759351
शीघ्रपतन, स्वपनदोष व धात
बांझपन, गांठ व रसोली
दर्द कैसा भी, कहीं भी हो
पेट रोग, सूजन गैस कब्ज
शराब व अन्य नशा छुड़ाएँ
चर्म रोग एलर्जी दाद खाज
यूनानी देशी जड़ी–बूटियों की नयी खोज पहली खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
PAHASU HOUSE TASVEER MAHAL CIVIL LINES ALIGARH

# विदेश में बजा डंका, पूर्व छात्रा का लंदन के स्कूल में सेलेक्शन

## अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाली एक पूर्व छात्रा ने नया रचा इतिहास



अलीगढ़। मुस्लिम विश्वविद्यालय से शिक्षा हासिल करने के बाद यहां के छात्र अलग–अलग जगह पर कार्य कर रहे हैं. वहीं कुछ छात्र यहां से शिक्षा हासिल करने के बाद अब विदेशों में ।डन का डंका बजाने का काम कर रहे है. एएमयू की पूर्व छात्रा का सेलेक्शन विश्व विख्यात लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस (एलएसई), लंदन के लैंगिक अध्ययन विभाग में हुआ है. जिसको लेकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में खुशी की लहर है. छात्र की इस उपलब्धि की जमकर प्रशंसा हो रही है. अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के वीमेंस कॉलेज की पूर्व छात्रा डॉ. आसिया इस्लाम को विश्व विख्यात लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस (एलएसई), लंदन के लैंगिक अध्ययन विभाग में स्थायी तौर पर सहायक प्रोफेसर नियुक्त किया गया है. उन्होंने 2009 में कला और सामाजिक विज्ञान संकाय में अच्छे अंकों के साथ वीमेंस कॉलेज से कम्युनिकेटिव इंग्लिश में बीए (ऑनर्स) की डिग्री हासिल की और उन्हें अकादमिक उत्कृष्टता के लिए जाकिर हुसैन पदक से भी सम्मानित किया गया. वीमेंस कॉलेज में अपने स्नातक अध्ययन में एक विकल्प के रूप में उन्होंने सहायक विषय के रूप में महिला अध्ययन को चुना, और महिला अध्ययन केंद्र की शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहीं. ।डन की कुल. पति ने उपलब्धि पर दी बधाई बाद में, उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में लिंग, मीडिया और संस्कृति में उत्कृष्टता के साथ मास्टर डिग्री पूरी की, जहां उन्हें सर्वश्रेष्ठ डिग्री प्रदर्शन पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इसके बाद वह प्रतिष्ठित गेट्स कैम्ब्रिज छात्रवृत्ति पर कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र में पीएचडी करने चली गईं. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के न्यून्हम कॉलेज के फेलो और लीड्स विश्वविद्यालय में व्याख्याता के रूप में अपनी नियुक्ति के बाद, डॉ. इस्लाम ने अब लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में सहायक प्रोफेसर के रूप में शामिल हुई हैं. इसके साथ ही वह एएमयू की पहली स्नातक बन गई हैं जिन्हें विश्व प्रसिद्ध और प्रतिष्ठित एलएसई में सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया है.

एएमयू की कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून ने डॉ. इस्लाम को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी है, उन्होंने कहा कि एलएसई में उनकी नियुक्ति हमारे छात्रों को विदेश में उच्च अध्ययन करने और विदेशी प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में अकाद. मिक करियर बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित करेगी. अलीगढ़ मुस्लिम वश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी उमर पीरजादा के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया यह एक बड़ी उपलब्धि है अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की छात्रा के द्वारा जो मुकाम हासिल किया है.।

## ढ़ाई माह के चुनौती पूर्ण कार्यकाल के बाद बदले जिलाधिकारी, राहुल पांडेय होंगे हाथरस के नए डीएम

हाथरस। आशीष कुमार का ढ़ाई महीने बाद ही हाथरस के जिलाधिकारी पद से तबादला हो गया। वह विशेष सचिव स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग एवं अपर महानिरीक्षक निबंधन बनाए गए हैं। हमीरपुर के डीएम राहुल पांडेय को हा. थरस का नया डीएम बनाया गया है। शासन ने डीएम हमीरपुर राहुल पांडेय को हाथरस का नवागत डीएम बनाया है। यहां जिलाधिकारी पद पर तैनात आशीष कुमार का कार्यकाल ढ़ाई माह का रहा ।हाथरस के डीएम आशीष कुमार को विशेष सचिव स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग एवं अपर महानिरीक्षक निबंधन बनाया गया है। हमीरपुर के डीएम राहुल पांडेय को हाथरस का डीएम बनाया गया है। राहुल पांडेय 20214 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। हमीरपुर से राहुल पांडेय 15 सितंबर को कार्यभार संभालेंगे। नवागत जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने बताया कि मूल रुप से गाजियाबाद के रहने वाले हैं। शासन की प्राथमिकता की योजना को धरातल पर उतारा जाएगा ।जनता दर्शन के जरिए समस्याओं के समाधान किया जाएगा ।ढ़ाई माह का चुनौती पूर्ण कार्यकाल आशीष कुमार ने यहां बतौर जिलाधिकारी 26 जून को कार्यभार ग्रहण किया गया था। कार्यभार ग्रहण करने के बाद डीएम पद कार्यकाल चुनौती पूर्ण रहा। कार्यभार ग्रहण करने के छठवें दिन 2 जुलाई को सिकंद. राराऊ के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में सूरजपाल उर्फ साकार हरि के सत्संग के दौरान भगदड़ मचने से 121 लोगों की मौत हुई थी। इस मामले में शासन स्तर से एसआ. ईटी , न्यायिक आयोग गठित हुआ था। विगत में 3 सिंतबर को जिलाधिकारी आशीष कुमार सहित छह अधिकारियों के बयान भी दर्ज हुए थे। इस मामले को राजनीतिक गलियारों में भी हलचल रही थीं। जिला को कई दिनों तक सुर्खियों में रखा था। इसके बाद 2199 फर्जी प्रमाण पत्र मामले को खोला था। इस मामले में शासन ने डीएम से रिपोर्ट तलब की थी। यह मामला भी कई दिनों तक सुर्खियों में रहा था। इसी क्रम में छह सितंबर को नगला भुस बाईपास के निकट मैक्स पिकअप व रोडवेज बस की भिडंत में 18 की मौत हुई थी। इसी तरह के कई वारदातों लेकर कार्यकाल चुनौती पूर्ण रहा। हमीरपुर से राहुल पांडेय 15 सितंबर को कार्यभार संभाल सकते हैं।

## अलीगढ़ के सासनी गेट क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था ठप होने से स्थानीय नागरिकों में दिखा आक्रोश

अलीगढ़ के सासनी गेट में पिछले 15 दिन से पेयजल व्यवस्था ठप होने से स्थानीय नागरिकों में आक्रोश देखा गया। गुस्साए नागरिकों ने सासनी गेट चौराहे के हा. थरस रोड पर तख्त व अन्य सामान डालकर जाम लगा दिया ।अलीगढ़ के सासनी गेट में पिछले 15 दिन से पेयजल व्यवस्था ठप होने से स्थानीय नागरिकों में आक्रोश देखा गया। गुस्साए नागरिकों ने सासनी गेट चौराहे के हा. थरस रोड पर तख्त व अन्य सामान डालकर जाम लगा दिया ।अलीगढ़ महानगर के सासनी गेट क्षेत्र में पिछले 15 दिन से पेयजल व्यवस्था ठप होने से स्थानीय नागरिकों में आक्रोश देखा गया। गुस्साए नागरिकों ने सासनी गेट चौराहे के हा. थरस रोड पर तख्त व अन्य सामान डालकर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की। प्रदर्शनकारी पेयजल व्यवस्था सुचारु करने की मांग पर अडिग रहे। नलकूप विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आज ही पेयजल व्यवस्था सुचारु करने का आश्वासन दिया, तब कहीं जाकर प्रदर्शन समाप्त हुआ।

## परीक्षा में शामिल होने का एक और मौका, 20 सितंबर बढ़ाई पंजीकरण की अंतिम तिथि

**हाथरस** ।यूपी बोर्ड में विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 सितंबर से बढ़ाकर 20 सितंबर कर दी है ।विलंब शुल्क के साथ यूपी बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों के पास एक और मौका है ।माध्यमिक शिक्षा परिषद ने विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण की अंतिम तिथि 5 सितंबर से बढ़ाकर 20 सितंबर कर दी है। इसी तरह बोर्ड ने कक्षा नौ व 11 वीं के अग्रिम पंजीकरण संबंधी तिथियों में भी बदलाव किया है ।हाथरस के जिला विद्यालय निरीक्षक संत प्रकाश ने जिले के सभी राजकीय,अशासकीय सहायता प्राप्त व मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को जारी किया है ।जारी आदेश में उन्होंने कहा है कि कक्षा नौ व 11 व परीक्षा वर्ष 2025 के कक्षा दस व 12 के ऑनलाइन



अग्रिम पंजीकरण की पूर्व निर्धारित तिथियों में परिवर्तन किया गया है ।शासन के नवीन आदेश के अनुसार कक्षा नौ व 11 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अग्रिम पंजीकरण शुल्क 50 रूपये के साथ प्रति विद्यार्थी की दर से चालान के माध्यम से कोषागार में जमा करने व पंजीकरण शुल्क की सूचना व विद्यार्थियों के शैक्षिक विवरण ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 10 सितंबर से बढ़ाकर 20 सितंबर तक कर दी गई है । इसी तरह वेबसाइट पर अपलोड किए गए विद्यर्थियों के विवरण की जांच की अवधि 11 सितंबर से बढ़ाकर 13 सितंबर तक कर 21 सितंबर कर दी गई है। वहीं, ऑनलाइन अपलोड किए गए विद्यार्थियों के विवरणों में जांच के बाद संशोधन की अवधि 14 सितंबर से 20 सितंबर से बढ़ाकर 21 सितंबर से 23 सितंबर कर दिया गया है। विद्यार्थियों की नामावली डीआईओएस कार्यालय में जमा करने के लिए अंतिम तिथि 30 सितंबर से बढ़ाकर 24 पांच अक्तूबर कर दी गई है। विलंब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि जमा करने की अंतिम तिथि पांच सितंबर से बढ़ाकर 23 सितंबर कर दी गई है। विद्यार्थियों के विवरण अपडेशन की अंतिम तिथि छह सितंबर से बढ़ाकर 26 सितंबर कर दी गई है।

## हाथरस कांड न सरकार के वादे पूरे हुए और न न्याय मिला, कैद जैसी जिंदगी जी रहे, 4 साल बीतने पर बोला पीड़िता का परिवार

हाथरस में 19 साल की दलित युवती के साथ हुई हैवानियत और हत्याकांड को चार साल बीत चुके हैं। 14 सितंबर 2020 को घटी इस घटना ने पूरे देश को हिला कर रख दिया था। पीड़िता के परिवार वालों ने अभी तक उसकी अस्थियां विसर्जित नहीं की हैं। उनका कहना है कि उन्हें अब तक इंसाफ नहीं मिला है। हमारे सहयोगी I से बात करते हुए उन्होंने बताया कि वे अभी भी जेल जैसी जिंदगी जीने के लिए मजबूर हैं। उन पर हर वक्त पाबंदियां लगी रहती हैं कि वे कहां जा सकते हैं, किससे मिल सकते हैं। चारों ओर सुरक्षाकर्मी 24 घंटे पहरा करते हैं। परिवार का आरोप है कि सरकार ने जो वादे किए थे, जैसे परिवार के एक सदस्य को नौकरी और घर देना, वे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं ।अधिकारियों ने जल्दबाजी में अंतिम संस्कार किया इस मामले में तीन आरोपियों को बरी कर दिया गया और एक को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। पीड़िता के परिवार का कहना है कि कथित दोषियों को रिहा करके उनके साथ न्याय नहीं हुआ है। पीड़िता के परिवार ने अब इलाहाबाद हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पीड़िता के बड़े भाई ने कहा कि सीबीआई ने चा. र्जशीट में आरोपियों पर बलात्कार और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया था तो फिर उनके खिलाफ लगे आरोप कैसे हटाए जा सकते हैं? हमारी बहन के बयान, जो उसने मरते दम तक दिए थे, उन्हें भी मान्य नहीं माना गया। अधिकारियों ने आधी रात को जल्दबाजी में उसका अंतिम संस्कार कर दिया ।पीड़िता के छोटे भाई ने बताया कि जब उनकी बहन इस वीभत्स अपराध के बाद मिली थी तो उसकी रीढ़ की हड्डी बुरी तरह घायल थी और उसकी जीभ काट दी गई थी। अगर किसी ने ऐसा नहीं किया तो यह कैसे हुआ? पीड़िता के भाइयों का कहना है कि उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई। एक समय ऐसा भी आया जब उन्हें लगा कि कहीं उन पर ही झूठा आरोप न लगा दिया जाए। बड़े भाई ने कहा कि जब तीनों आरोपी रिहा हुए और वे घर आए तो उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया और उनके परिवार वालों ने पड़ोस में मिठाइयां बांटीं। उन्हें लगता है कि अब वे अजेय हैं ।भाइयों का कहना है कि गांव में रहना मुश्किल हो गया है। छोटे भाई ने बताया कि पहले तो वे हमें धमकी देते थे और अगर कोई हमारा साथ देता था तो वे उन्हें भी धमकी देते थे। अब ऐसा लगता है कि गांव में सब उनके साथ हैं। उनके घर पर हर समय सीआरपीएफ के चार जवान तैनात रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम जहां भी जाते हैं सीआरपीएफ के जवान हमारे साथ चलते हैं। हम सचमुच नजरबंद हैं। यह मामला एक बार फिर याद दिलाता है कि हमारे समाज में दलितों और वंचितों के साथ कितना अत्याचार होता है। न्याय की इस लड़ाई में पीड़िता का परिवार अकेला नहीं है, पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उम्मीद है कि उन्हें जल्द से जल्द न्याय मिलेगा।



# श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री गणेश पूजा महोत्सव आधारित नृत्य प्रतियोगिता

**अलीगढ़** । गणेश महोत्सव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री गणेश पूजा महोत्सव के अंतर्गत श्री वार्ष्णेय पर महाविद्यालय क्रीडा स्थल, जीटी रोड ग्रेटर नॉएडा से आये सुप्रसिद्ध भजन गायक संद. ीपजी ने अपने भजनों के माध्यम से भक्ति की ऐसी गंगा बहाई की कि जिसमे भक्त देर रात्रि तक गजानन की भक्ति मे सराबोर होते रहे । इस अवसर पर हरिद्वार की तर्ज पर गजानन की महा आरती भी पूर्ण भक्ति भाव से की गयी एवं छप्पन भोग भी अर्पित किये गये । श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति के मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार भारी वारिश. के बाद. तेज धुप निकलने से अत्यधिक उमस के कारण दिन मे होने वाली नृत्य प्रतियोगिता जय शंकर धर्मशाला मे करायी गयी । जिसमे 50 से अधिक बाल कलाक. ारों ने अपने नृत्य कला कौशल का परिचय देकर दर्शकों का मन मोहा ।सांय काल श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय के क्रीड़ा स्थल पर आयोजित होने वाले श्री गणेश पूजा महोत्सव मे गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ।इस अवसर पर राधाकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता मे 60 से अधिक बच्चों ने राधा एवं कृष्ण का स्वरूप रख कर सम्पूर्ण कार्यक्रम स्थल को बृजधाम सा स्वरूप प्रदान किया । इतने सारे राधा कृ ष्ण स्वरूप देखकर भक्त भाव विहवल हो उठे । ग्रेटर नॉएडा से आये सुप्रसिद्ध भजन गायक संदीप जी के भजनों पर भक्त रात्रि तक भक्ति भावना मे खोये रहे । जमकर नृत्य हुआ ।
हरिद्वार की गंगा आरती की तर्ज पर गजानन की महाआरती की गयी । छप्पन भोग भी अर्पित किये गये । व्यवस्था मे लगे सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया । कार्यकर्ताओं ने जहां एक ओर डांडिया नृत्य मे जमकर नृत्य किया वही दूसरी ओर 31 नारियल भी फोड़कर समर्पित किये गये । कई जोशीले कार्यकर्ताओं ने गजानन के सामने केक काटकर गजानन का जन्मदिन मनाया । श्री गणेश महोत्सव के शुभारम्भ के



अवसर पर मुंशी लाल लोहे वाले , तरुण कुमार गुप्ता , मिश्री गुप्ता , अरुण कुमार गुप्ता , इंजी नेहा वार्ष्णेय , विकास गुप्ता , मुक्ता गुप्ता , उमेश वार्ष्णेय ऑटो पार्ट्स , मुकेश जैन , राजीव कृष्ण वार्ष्णेय , प्रेम प्रकाश वार्ष्णेय , ज्ञान प्रकाश पुन्ना , अवधेश गुप्ता पट्टू , तनुज गोयल , विनोद गुप्ता , जय गोपाल वी आई पी , हरित कुमार , सुरेंद्र वार्ष्णेय दिल्ली वाले , विपिन वार्ष्णेय , स्वाती गुप्ता , डा कौशल किशोर एडवोकेट , डा तुषार वार्ष्णेय , विपेन्द्र वार्ष्णेय , अंजुम गुप्ता , प्रो कविशंकर वार्ष्णेय , वीरेंद्र कुमार वी के लाइट , गोबर्धन दास , सी ए अतुल गुप्ता , अशोक सर्राफ , राजीव वार्ष्णेय , अमित कुमार कोणार्क , डा चंद्र शेखर ऋषि , दयानंद डैनी , पंकज इम्प्रेशन , दीपक वार्ष्णेय गोल्ड , नितेश कुमार , अमित दिलबाग , संजय मल्होत्रा , पवन वार्ष्णेय , दीपक ठाकुर , आदि ने सर्व प्रथम पूजन कर श्री गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया । श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सर्राफ , महामंत्री मनोज वार्ष्णेय खलीफा , कोषाध्यक्ष विवेक गुप्ता पलक एवं मुख्य कार्यक्रम प्रभारी गौरव वार्ष्णेय पीतल, मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , संजय कुमार वार्ष्णेय , अमित किताब , श्रीमती दर्शन गुप्ता , अजय राज लिथो , अश्विनी वार्ष्णेय ,
हीरेंद्र अग्रवाल , विष्णु हरि गुप्ता , नीटू शर्मा , घनेन्द्र वार्ष्णेय , विजय गुप्ता साई , सुनील मित्तल , तरुण वार्ष्णेय , अरुण वार्ष्णेय , तनुराग वार्ष्णेय , प्रवीण टप्पल , डा भुवनेश कुमार , विष्णु गुप्ता , अनुराग वार्ष्णेय , शिब्बू वार्ष्णेय , सचिन वार्ष्णेय , विशाल वार्ष्णेय , सौरभ सैनी , अभिनव गुप्ता , देवेंद्र गुप्ता मोनू , नकुल गुप्ता , विकास गुप्ता, पुनीत गुप्ता , प्रमोद टोनी टोन , शिवम शर्मा , नितिन राजनी , पुनीत फ्लेक्स , योगेश गुप्ता सोनू , विशाल वार्ष्णेय सर्राफ , रोहित वार्ष्णेय पीतल , जातिन वार्ष्णेय ,आकाश वार्ष्णेय भैया , निशा वार्ष्णेय , रचना अमित सर्राफ , वंदना वार्ष्णेय मेंटल , सीमा बालाजी , कल्पना लिथो , तृप्ति गुप्ता , शुभी वार्ष्णेय , सरिता साई , सी ए पल्लवी गुप्ता , इंजी नेहा वार्ष्णेय , मिश्री गुप्ता , सोनी वार्ष्णेय , शिवा वार्ष्णेय , अलका वार्ष्णेय गोल्डन लीफ आदि ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत पटका पहनाकर किया ।
इस अवसर पर चली भजन संध्या मे भक्त दर रात्रि तक गजानन की भक्ति मे डूबे रहे ।इस अवसर पर उपस्थित भाग्यशाली भक्तों को लकी ड्रा द्वारा पुरस्कृत किया गया । भक्तों ने गजानन की पांच , सात परिक्रमा लगाकर श्री गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया ।

## महायोजना 2031, एयरपोर्ट के पास विकसित होगा औद्योगिक क्षेत्र,

**अलीगढ** ।अलीगढ़ एयरपोर्ट से उड़ान योजना के तहत लखनऊ और आजमगढ़ की हवाई यात्रा शुरू हो चुकी है। विकास प्राधिकरण (एडीए) की महायोजना 2031 में अलीगढ़ एयरपोर्ट के निकट 110 हेक्टेयर जमीन को औद्योगिक जोन के लिए चिन्हित किया गया है। यहां पर उद्योगों को स्थापित करने के लिए भू उपयोग परिवर्तित किया जा रहा है। अलीगढ़ एयरपोर्ट और शहर से गुजरने वाले सभी हाईवे इस औद्योगिक जोन से जुड़ रहे हैं। इसलिए यहां से माल की आवाजाही आसानी से होगी। इसलिए एडीए ने इसको औद्योगिक जोन के लिए आरक्षित किया है ।शहर में भूमि की कमी होने के बाद नए उद्योगों को यहां जमीन दी जाएगी। यह भूमि अलीगढ़– कानपुर, जीटी रोड, हाईवे पर अलीगढ़ एयरपोर्ट से कानपुर की ओर बढ़ने पर है। इसके आसपास खानगढ़ी, किशनगढ़ी, निजा. मतपुर, बोरना, बौनेर आदि गांव पड़ते हैं। प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र का इलाका बौनेर और किशनगढ़ी के सामने वाली भूमि पर प्रस्तावित है, जो खानगढ़ी और निजामतपुर बोरना से सटी हुई है। यहां पर नए उद्योगों को जमीन देने के लिए खाका खींचा जा रहा है ।एयरपोर्ट और हाईवे से जुड़ा है पूरा इलाका अलीगढ़ एयरपोर्ट से उड़ान योजना के तहत लखनऊ और आजमगढ़ की हवाई यात्रा शुरू हो चुकी है।
निकट भविष्य में यहां अयोध्या, मुरादाबाद से जेवर एयरपोर्ट और इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली तक छोटी दूरी की सेवाएं शुरू होने की भी संभावना है। इसी इलाके से गुजर रहा फोरलेन जीटी रोड, हाईवे, गाजियाबाद से कानपुर तक बन चुका है। इस हा. ईवे पर गाजियाबाद की ओर बढ़ते ही अलीगढ़–आगरा हाईवे, अलीगढ़–मथुरा रोड, अलीगढ़–पलवल हाईवे, अलीगढ़–मुरादाबाद हाईवे मिल जाता है। प्रस्तावित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस भी अलीगढ़–पलवल हाईवे के जरिये इससे जुड़ा रहेगा। ट्रांसपोर्ट नगर अलीगढ़–पलवल हाईवे पर बन रहा है। जिससे उद्यमियों को कानपुर, गाजियाबाद, मथुरा, आगरा, मुरादाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली, पलवल, गुरुग्राम तक माल भेजने की सुविधा आ. सानी से मिलेगी ।महायोजना 2031 में शहर की तस्वीर बदलने के लिए एडीए ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। योजना के अनुसार ही एयरपोर्ट व हाईवे के पास औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जाएगा। ताकि इसका यहां के नागरिकों को लाभ मिल सके ।

## अलीगढ़ में श्रीकृष्ण लीला 2 से 15 अक्टूबर तक, चिरंजीलाल कन्या इंटर कॉलेज में होगा मंचन

श्रीकृष्ण लीला की शुरूआत वर्ष 1971 में आगरा रोड स्थित चि. रंजीलाल कन्या इंटर कॉलेज के परिसर में हुई। देश भर में जहां रामलीला की धूम रहती है तो वहीं अलीगढ़ में श्रीकृष्णलीला में कलाकारों का अभिनय देखने के लिए दर्शक उमड़ते हैं ।अलीगढ़ शहर की प्रसिद्ध श्री कृष्ण लीला इस बार 54वें वर्ष में प्रवेश करने जा रही है, इसलिए इस महोत्सव को धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी है। चिरंजीलाल इंटर कॉलेज में इसका आयोजन आगामी 2 से 15 अक्तूबर तक हा. ेगा ।श्रीकृष्ण लीला की शुरूआत वर्ष 1971 में आगरा रोड स्थित चिरंजीलाल कन्या इंटर कॉलेज के परिसर में हुई। देश भर में जहां



रामलीला की धूम रहती है तो वहीं अलीगढ़ में श्रीकृष्णलीला में कलाकारों का अभिनय देखने के लिए दर्शक उमड़ते हैं। श्रीकृष्ण लीला संस्थान की ओर से महोत्सव में रात में श्रीकृष्ण लीला तो सुबह चौतन्य महाप्रभु की लीला होती है। यह मंचन इतना भावपूर्ण होता है कि दर्शकों की आंखें छलक उठती हैं ।श्रीराम शर्मा आचार्य की मंडली ने दी नई पहचान देश और दुनिया में श्रीकृष्ण लीला के मंचन को नई पहचान दिलाने वाले पद्मश्री श्रीराम शर्मा आचार्य ने अलीगढ़ में इसको भव्य स्वरूप दिया। अब यह कार्य उनके पुत्र पंडित कुंज. बिहारी शर्मा कर रहे हैं। वह वर्तमान में मंडली की कमान संभाले हुए हैं। इस बार भी वह कलाकारों के साथ आ रहे हैं। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की मंडली की खासियत है शास्त्रीय परंपरा के अनुसार मंचन।




# अलीगढ़ में श्रीकृष्ण लीला 2 से 15 अक्टूबर तक चिरंजीलाल कन्या इंटर कॉलेज में होगा मंचन



## दशहरा मेला में सीएम योगी आदित्यनाथ को बुलाने की तैयारी

श्री रामलीला गोशाला कमेटी की ओर से पहले रामलीला का मूक मंचन होता था। यह आजादी से पहले की बात है। उस समय माइक, लाइट, साउंड की व्यवस्थाएं नहीं थी। इसलिए कलाकार मूक अभिनय करते थे ।अलीगढ़ में रामलीला का मंचन इस बार 26 सितंबर से 14 अक्तूबर तक होगा। दशहरा मेला में सीएम योगी आदित्यनाथ को बुलाने की तैयारी हो रही है। पश्चिमी यूपी में प्रसिद्ध अचल सरोवर की सरयू पार लीला को यादगार बनाने के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं। शहर में रामलीला की शुरुआत आजादी से पहले हुई थी। अचलताल का रामलीला मैदान उस वक्त काफी बड़ा था और यहां का मूक मंचन देखने के लिए हजारों की भीड़ जुटती थी ।लीला में रामबरात और सरयूपार लीला में नयनाभिराम झांकियां एवं नामी गिरामी बैंड शामिल होंगे। श्री आदर्श रामलीला मंडल मथुरा की कमेटी लीला का मंचन करेगी। अध्यक्ष विमल अग्रवाल ने बताया कि दशहरे वाले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बुलाने की तैयारी चल रही है। हालांकि इस दिन मुख्यमंत्री की व्यस्तता काफी रहती है, मगर कमेटी ने तय किया है कि उन्हें आमंत्रित किया जाए।

मूक मंचन से शुरू हुई थी रामलीला विमल अग्रवाल बताते हैं कि वर्ष 1963 उनका जन्म हुआ था। इससे पहले से ही अचलताल पर रामलीला होती थी। श्री रामलीला गोशाला कमेटी की ओर से पहले रामलीला का मूक मंचन होता था। यह आजादी से पहले की बात है। उस समय माइक, लाइट, साउंड की व्यवस्थाएं नहीं थी। इसलिए कलाकार मूक अभिनय करते थे। उसके बाद माइक और साउंड आया। 70 के दशक में स्थिति यह थी कि दर्शकों को संभालना मुश्किल पड़ जाता था, क्योंकि ग्रामीण शहर में लीला देखने आते थे ।12 साल से महिला निभा रहीं सीता का पात्र रामलीला में पिछले 12 वर्षों से महिला कलाकार सीता का किरदार निभा रही हैं। राम वन गमन, सीता हरण आदि का मंचन साउंड, माइक, लाइट से और निखर रहा है ।अचल सरोवर पर होगी सरयू पार की लीलाअचल सरोवर की सरयू पर रामलीला पूरे पश्चिमी यूपी में प्रसिद्ध है। इस सरोवर में ही सरयूपार लीला का मंचन होता है।

